आफरी में स्वच्छता अभियान

(1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर 2014)

आफरी परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती समारोह पर दिनांक २ अक्टूबर 2014 को स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत दिनांक 29-10-2014 को आफ़री सभागार में परिसर को एक "जीरो वेस्ट जोन" बनाने के उद्देश्य से गैर सरकारी संगठन, "इंडियन ग्रीन सर्विस" के श्री श्रीनिवासन का एक व्याख्यान आयोजित किया गया। श्री श्रीनिवासन, को जिला कलेक्टर, जोधपुर द्वारा **"क्लीन जोधपुर – ग्रीन जोधपुर"** अभियान के लिए सलाहकार नियुक्त किया गया है। इस व्याख्यान में उन्होने जैविक और अजैविक (प्लास्टिक) कचरे को अलग अलग इकट्ठा करने तथा जैविक कचरे द्वारा कोम्पोस्ट खाद बनाने की प्रक्रिया को समझाया तथा व्यवहारिक रूप से परिसर के हरित कचरे से खाद बनाना सिखाया। इस व्याख्यान के दौरान आफरी के समस्त कर्मचारी, अधिकारी एवं आफरी परिसर के रहवासी उपस्थित थे।

आफरी सभागार में इंडियन ग्रीन सर्विस के श्री श्रीनिवासन के कचरा प्रबंधन पर व्याख्यान सुनते आफरी अधिकारी एवं कर्मचारी

इसी कार्यक्रम की अगली कड़ी में 2 अक्टूबर 2014 को, गांधी जयंती के अवसर पर आफरी के मुख्य परिसर में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दिन सर्वप्रथम निदेशक महोदय ने आफरी के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को स्वच्छता रखने की शपथ दिलाई । उसके उपरांत संस्थान के समस्त अधिकारी/वैज्ञानिक तथा कर्मचारियों की अलग अलग टीमे बनाई गई और इनके द्वारा श्रमदान कर पूरे परिसर की जैविक और अजैविक कचरे को अलग अलग इकट्ठा किया गया तथा झाड़ू लगाकर पूरे

परिसर की सफाई की गई । आफरी के समस्त स्टाफ ने इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पूरे परिसर को प्लास्टिक मुक्त एवं स्वच्छ बना दिया।

इसी श्रंखला में आफरी के एक अन्य रहवासीय परिसर जिसको, 729 परिसर के नाम से जाना जाता हैं, वहाँ पर भी दिनांक 1 अक्टूबर को श्री श्रीनिवासन का व्याख्यान तथा 5 अक्टूबर 2014 को श्रमदान का कार्यक्रम किया गया, जिसमे वहाँ के रहने वाले सभी रहवासियों, महिलाओ व बच्चों ने बढ़चढ़ कर अपना योगदान दिया। इस श्रमदान के दौरान इस परिसर को भी प्लास्टिक मुक्त किया गया तथा परिसर में लगे पेड़ पौधो की कटाई-छंगाई, नालियों तथा सड़को की सफाई की गई तथा परिसर में पूरी तरह स्वच्छ वातावरण तैयार किया गया।

आफरी अधिकारी/कर्मचारी स्वच्छता अभियान मे शपथ ग्रहण करते हुए	निदेशक महोदय के निर्देशन में सफाई अभियान की शुरुआत
आफरी परिसर के मुख्य द्वार पर सफाई करते आफरी कर्मचारी	

खाद बनाए हेतू जैविक कचरे का संग्रहण करते हुएँ

इस अभियान के दौरान आफरी मुख्य परिसर व 729 परिसर में जैविक एवं प्लास्टिक कचरे को अलग अलग संग्रहित करने हेतु प्रत्येक रहवासी को एक लाल तथा एक हरे रंग का कचरा पात्र दिया गया। जिसमे दोनों तरह के कचरे को अलग अलग संग्रहित किया जा सकें। साथ ही कचरा इकट्ठा करने के लिए दो खानों वाला तिपहिया रिक्शा चलाने की व्यवस्था भी की गई । इस तरह से आफरी परिसर को स्वच्छ, प्लास्टिक मुक्त एवं जैविक कचरे को खाद में परिवर्तित करने हेतु एक दूरगामी प्रयास की पहल की गई।

आफरी 729 परिसर में स्वछता अभियान के अंतर्गत रहवासियों, महिलाओं और बच्चो द्वारा की गयी सफाई के छायाचित्र

आफरी के निदेशक श्री एन. के. वासु, भा.व.से. ने इस अभियान की पहल करने में अहम भूमिका निभाई तथा इस कार्यक्रम को संचालित किया । साथ ही उन्होने लोगो से इस अभियान में जुड़ने की अपील की और विश्वास दिलाया कि, आफरी में इस तरह के स्वच्छता कार्यक्रम समय समय पर आयोजित किए जाएंगे ।

आइए हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ बनाएँ ।